# राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

ब्लॉक–5, द्वितीय एवं तृतीय तल
डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर

फोनः– 2705937, 2706069 ईमेल – rddrei@gmail.com

क्रमांकः राप्राशिप / जय / शोध / NAS / 2017 / 7486 दिनांक : 05/10/17

जिला परियोजना समन्वयक /
अति. जिला परियोजना समन्वयक
सर्व शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

जिला परियोजना समन्वयक /
अति. जिला परियोजना समन्वयक,
राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

**विषय : 13 नवम्बर 2017 को आयोजित National Achievement Survey 2017**
**संदर्भ :** आयुक्त राप्राशिप एवं राज्य परियोजना निदेशक रामाशिअ का पूर्व में प्रेषित संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र क्रमांकः राप्राशिप / जय / शोध / NAS / 2017 / 7139 / दिनांक 22.09.2017 (संलग्न)

महोदय,

उपरोक्त विषय में संदर्भित पत्र आपको पूर्व में प्रेषित किया गया है। पत्र में NAS के संदर्भ में दिये गये निर्देशानुसार आपने अपने स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही, बैठक इत्यादि कर ली होगी। यदि कोई कार्यवाही अभी तक शेष है तो अपने स्तर पर कार्ययोजना बनाकर सम्पन्न करावें। NAS 13 नवम्बर 2017 (सोमवार) को आयोजित होगा उससे पूर्व 11 नवम्बर 2017 (शनिवार) को FI द्वारा प्राथमिक सूचनाओं जैसे – आधार कार्ड, School Questionaire, Teacher Questionaire भरने हेतु विद्यालय में जाना होगा। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के समस्त विद्यालयों के समस्त विद्यार्थियों का आधार कार्ड 30 अक्टूबर से पूर्व बनाया जाना अनिवार्य है अतः आधार कार्ड से सम्बन्धित एजेंसियों से समन्वयन कर 2–3 विद्यालयों का संयुक्त कैम्प लगाकर आधार कार्ड बनवाया जाना सुनिश्चित करें।

जिला स्तर पर NAS हेतु District Monitroing Unit का गठन शासन सचिव महोदय द्वारा किया गया है। **उक्त संदर्भित पत्र के अनुसरण में निम्नानुसार कार्यवाही तत्काल किया जाना सुनिश्चित करावें –**

1. जिले के सैम्पल स्कूलों की सूची डाइट से प्राप्त करें तत्पश्चात उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को पत्र भेजकर अथवा मीटिंग कर यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों का आधार कार्ड 30 अक्टूबर से पूर्व अनिवार्य रूप से बन जायें।
2. सैम्पल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को यह निर्देश जारी करें कि कक्षा 3 5 और 8 के विद्यार्थियों को दीपावली अवकाश का गृह कार्य **"लर्निंग आउटकम"** एवं **प्रश्न बैंक** के आधार पर देवें। लर्निंग आउटकम एवं प्रश्नबैंक सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (प्रा. / मा. शिक्षा) सभी ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों एवं समस्त अति. जिला परियोजना समन्वयक (एसएसए / रमसा) को मेल से पूर्व में ही प्रेषित कर दिये गये है। जिनकी हार्ड कापी में प्रतियां तैयार कर सभी सैम्पल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को उपलब्ध करायें।
3. NAS आयोजन हेतु FI एवं आब्र्जवर के बीच की कड़ी सुपरवाइजर होंगे। FI की नियुक्ति विद्यालयवार, डाइट के स्तर पर की जानी है। अतः पर्याप्त संख्या में बी.एड. / बीएसटीसी पीपुल टीचर की सूची मोबाइल नम्बर सहित तत्काल डाइट प्राचार्य को उपलब्ध करावें ताकि वे विद्यालयवार FI नियुक्त कर सकें। FI का प्रशिक्षण 1–4 नवम्बर 2017 के बीच डाइट स्तर पर होगा।
4. सुपरवाइजर DMU स्तर से लगाये जायेंगे। DMU के सदस्य सचिव (अति.जि.प.स. एसएसए) द्वारा जिले में 35 से 40 सुपरवाइजरों की सूची तैयार कर ली जावें। (इसमें बीईईओ, प्रधानाचार्य, व्याख्याता, इत्यादि हो सकते है)। 4–5 विद्यालयों पर एक सुपरवाइजर नामित होगा। ध्यान रखें इस हेतु कुशल और कर्मठ अधिकारियों को ही नामित करें। सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण FI प्रशिक्षण के साथ ही डाइट स्तर पर होगा। प्रशिक्षण के दौरान ही सुपरवाइजरों को NAS के विद्यालय आवंटित किये जायेंगे।
5. आब्र्जवर की नियुक्ति (प्रति ब्लॉक एक) जिला प्रशासन स्तर से की जायेगी। इस संदर्भ में श्रीमान मुख्य सचिव महोदय के द्वारा जिला कलक्टर को आब्र्जवर नियुक्ति हेतु अधिकृत कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। आब्र्जवर और DMU की बैठक 06.11.2017 को एडीपीसी स्तर पर की जायेगी। जिसमें गाइड लाइन, मॉनिटरिंग फार्मेट, FI एवं सुपरवाइजरों के नाम और मोबाइल नम्बर ब्लॉक वाइज विद्यालयों की सूची उन्हें उपलब्ध करायी जायेगी।

www.rajteachers.com

6. FI एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण हेतु एम.टी. ओरियन्टेशन राज्य स्तर पर (23 से 25 अक्टूबर 2017) एसआईईआरटी में किया जायेगा। जिसमें एक जिले से 4 एम.टी. निम्नानुसार भाग लेंगे जो डाइट स्तर पर FI को प्रशिक्षित करेंगे –

**1. एपीसी शोध, एसएसए**

**2. डाइट का वरिष्ठ व्याख्याता शोध**

3- District MIS SSA

**4. एक संभागी अन्य (व्याख्याता स्तर का व्यक्ति जो एफआई प्रशिक्षण में आरपी का कार्य कर सकें।)**

**उपरोक्त की सूची तैयार कर लें और इन्हें उक्त प्रशिक्षण में जाने हेतु सूचित कर दें।**

7. प्रशिक्षण मॉड्यूल एवं गाइड लाइन एसआईईआरटी स्तर पर मुद्रित करवायी जा रही है जो समय पूर्व सभी जिलों में एवं डाइट को प्राप्त हो जायेगी। NAS के संबंध में अन्य दिशा निर्देश (गाइड लाइन के अतिरिक्त) परिषद् स्तर से प्रेषित किये जायेंगे। आपकी जानकारी हेतु प्रस्तावित टाइम लाइन अंकित की जा रही है।

| क्र. | प्रशिक्षण / ओरियन्टेशन / गतिविधि | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | सैम्पल स्कूल प्रधानाध्यापक ओरियन्टेशन, डाइट स्तर पर (एक दिवसीय) | 4–7 अक्टूबर 2017 |
| 2 | एमटी प्रशिक्षण, एसआईईआरटी स्तर पर (एक दिवसीय) | 23–25 अक्टूबर 2017 |
| 3 | डाइटों को टैस्ट सामग्री वितरण एसआईईआरटी स्तर पर (एक दिवसीय) | 27–28 अक्टूबर 2017 |
| 4 | एफआई / सुपरवाइजर ओरियन्टेशन डाइट स्तर पर (एक दिवसीय) | 1 से 4 नवम्बर 2017 |
| 5 | DMU एवं आर्ब्जवर ओरियन्टेशन / बैठक एडीपीसी स्तर पर | 6 नवम्बर 2017 |
| 6 | टैस्ट मेटेरियल विद्यालयों तक पहुँच (सुपरवाइजर और बीईईओ के माध्यम से) | 7 से 9 नवम्बर 2017 |
| 7 | एफआई द्वारा प्राथमिक सूचनाओं, आधार कार्ड, SQ एवं TQ भरने हेतु विद्यालय विजिट | 11 नवम्बर 2017 |
| 8 | टैस्ट आयोजन | 13 नवम्बर 2017 |
| 9 | यूज्ड एवं अनयूज्ड मेटेरियल डाइट में जमा (FI बीईईओ एवं सुपरवाइजर के माध्यम से) | 13 नवम्बर 2017 |
| 10 | OMR स्कैनिंग / डाटा अपलोडिंग (डाइट स्तर पर District MIS द्वारा) | 14 से 24 नवम्बर 2017 |

NAS का यह कार्य भारत सरकार के निर्देशानुसार अति महत्वपूर्ण है। डाइट प्राचार्य को इस कार्य हेतु जिला समन्वयक नामित किया गया है। डाइट द्वारा NAS का आयोजन करवाया जा रहा है। DMU द्वारा समस्त गतिविधियों की मॉनिटरिंग, समन्वयन, समस्या निराकरण एवं सहयोग किया जाना अनिवार्य है। किसी भी जिले में दायित्वहीनता की स्थिति होने पर उच्चाधिकारियों के ध्यान में लाया जायेगा।

**संलग्न : उपरोक्तानुसार**

(डॉ. प्रिया बलराम शर्मा)
उपायुक्त (शोध)

**क्रमांकः राप्राशिप / जय / शोध / NAS / 2017 /** 7487 **दिनांक :** 05/10/17

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप जयपुर / अध्यक्ष स्टेयरिंग कमेटी NAS।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रमसा, जयपुर।
4. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, निदेशालय बीकानेर।
5. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, निदेशालय बीकानेर।
6. निदेशक एसआईईआरटी, उदयपुर।
7. NAS प्रभारी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद्, शिक्षा संकुल, जयपुर।
8. NAS प्रभारी एसआईईआरटी उदयपुर।
9. समस्त डाइट प्राचार्य।
10. रक्षित पत्रावली।

उपायुक्त (शोध)

www.rajteachers.com

संन्दर्भित पत्र – संलग्न

# राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

ब्लॉक–5, द्वितीय एवं तृतीय तल
डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर
फोन:– 2705937, 2706069 ईमेल – rddrei@gmail.com

क्रमांकः राप्राशिप/जय/शोध/NAS/2017/7139 दिनांक : 22/9/17

जिला शिक्षा अधिकारी माशि पदेन
जिला परियोजना समन्वयक,
राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
समस्त जिले।

जिला शिक्षा अधिकारी प्राशि पदेन
जिला परियोजना समन्वयक
सर्व शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
(डाइट)
समस्त जिले।

अति. जिला परियोजना समन्वयक,
राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

अति. जिला परियोजना समन्वयक,
सर्व शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

विषय :-13 नवम्बर 2017 को आयोजित नेशनल एचीवमेंट सर्वे 2017।

उपरोक्त विषय में लेख है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार –

1. एनसीईआरटी द्वारा सभी राज्यों में कक्षा III, V, VIII के विद्यार्थियों का नेशनल एचीवमेंट सर्वे 13 नवम्बर 2017 को आयोजित किया जा रहा है।
2. **NAS के अनुसार नीति आयोग द्वारा राज्य के शैक्षणिक गुणवत्ता के मानदण्ड (क्वालिटी इंडीकेटर) तय किये गये है। जिनके आधार पर राज्यों की रैकिंग की जावेगी।**
3. शैक्षणिक गुणवत्ता आधारित राज्यों की रैंक रिर्पोट माननीय प्रधानमंत्री, राज्य के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री तथा एमएचआरडी को प्रस्तुत की जायेगी।
4. आप अपने अधीनस्थ सभी ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों, पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों, नोडल प्रभारी प्रधानाध्यापकों एवं समस्त पर्यवेक्षण अधिकारियों को निर्देशित करें कि वे **शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि हेतु विशेष कार्य योजना बनाकर प्रयास करें ताकि नेशनल एचीवमेंट सर्वे 2017 में राज्य के बच्चे बेहतर perform करें।**
5. राज्य सरकार द्वारा NAS हेतु निदेशक एसआईईआरटी को राज्य समन्वयक और प्रधानाचार्य डाइट को जिला समन्वयक नामित किया गया है। **NAS के संदर्भ में विभिन्न कार्य जिला स्तर पर डाइट के समन्वयन में एवं राज्य स्तर पर एसआईईआरटी के समन्वयन में किये जा रहे हैं तथा किए जायेंगे। जिसमें डीईईओ प्रा. व मा. शिक्षा तथा एडीपीसी, एसएसए व रमसा अपना पूर्ण सहयोग व समन्वय करेंगे।**
6. NAS 2017 में विद्यार्थियों का परीक्षण (कक्षा 3, 5 व 8) निम्नानुसार किया जायेगा –

| | कक्षा 3 , 5 | कक्षा 8 |
|---|---|---|
| विषय | भाषा (हिन्दी), गणित, पर्यावरण अध्ययन | भाषा (हिन्दी), गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन |
| टैस्ट | एक बुकलैट में 45 प्रश्न होंगे 15 प्रश्न प्रति विषय (भाषा में पढ़ने की दक्षता देखी जायेगी) | एक बुकलैट में 60 प्रश्न होंगे 15 प्रश्न प्रति विषय (भाषा में पढ़ने की दक्षता देखी जायेगी) |
| अवधि | 90 मिनट | 120 मिनट |

7. एसआईईआरटी द्वारा **सैम्पल विद्यालयों की सूची एवं NAS की गाइड लाइन सभी डाइट प्राचार्यो को भेज दी गई है।** गाइड लाइन के अनुसार सैम्पल विद्यालयों का Verification ब्लॉक स्तर पर करवा लिया गया है।
8. एक जिले में NAS हेतु सैम्पल विद्यालयों की संख्या कक्षा 3 में 61, कक्षा 5 में 61 एवं कक्षा 8 में 51 कुल 173 होगी

www.rajteachers.com

**NAS के संदर्भ में प्राथमिक दिशा निर्देश निम्नानुसार है –**

1. NAS 2017 लर्निंग आउटकम के आधार पर होगा। अतः सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक लर्निंग आउटकम की प्रिंट पुस्तिका भिजवायी जायेगी। इस पत्र के साथ कक्षा 2,3,4,5,7 एवं 8 के लर्निंग आउटकम प्रेषित किये जा रहे है। कक्षा 3, 5 एवं 8 का NAS निम्नानुसार लर्निंग आउटकम के आधार होगा। अतः तद्नुसार तैयारी करावें।

| | |
|---|---|
| NAS कक्षा 3 के टैस्ट पेपर में | 40 प्रतिशत कक्षा 3 के लर्निंग आउट कम के आधार पर एवं 60 प्रतिशत कक्षा 2 के लर्निंग आउट कम के आधार पर |
| NAS कक्षा 5 के टैस्ट पेपर में | 40 प्रतिशत कक्षा 5 के लर्निंग आउट कम के आधार पर एवं 60 प्रतिशत कक्षा 4 के लर्निंग आउट कम के आधार पर |
| NAS कक्षा 8 के टैस्ट पेपर में | 40 प्रतिशत कक्षा 8 के लर्निंग आउट कम के आधार पर एवं 60 प्रतिशत कक्षा 7 के लर्निंग आउट कम के आधार पर |

2. कक्षा 3, 5 और 8 में नामांकन 5 से कम होने पर विद्यालय का चयन नहीं किया जायेगा। सैम्पल विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण डाइट द्वारा आयोजित किया जायेगा। जिसमें सभी बच्चों के आधार कार्ड व टैस्ट वाले दिन 100 प्रतिशत उपस्थिति के संदर्भ में निर्देशित करते हुये NAS की प्रक्रिया, आयोजन इत्यादि के साथ लर्निंग आउटकम के विषय में उनका क्षमता संवर्द्धन किया जायेगा।
3. **प्रति कक्षा अधिकतम 30 बच्चों का टैस्ट लिया जायेगा। कक्षा में 30 से अधिक विद्यार्थी होने पर Field Investigator (FI) द्वारा गाइड लाइन के अनुसार 30 बच्चों का सैम्पलिंग किया जायेगा।**
4. NAS हेतु प्रत्येक जिले में लगभग 300–350 FI (Field Investigator) की आवश्यकता होगी जो एसटीसी/बी.एड के पीपुल टीचर लगाये जायेंगे। ब्लॉकवार FI के नाम एवं मोबाइल नम्बर की सूची डाइट द्वारा तुरंत तैयार की जावें। डाइट द्वारा (गाइड लाइन के अनुसार) विद्यालयवार FI नामित किये जायेंगे, जिन्हें विद्यालय में टैस्ट लेने हेतु अधिकृत करते हुये पत्र जारी किया जायेगा।
5. चयनित FI का प्रशिक्षण डाइट द्वारा टैस्ट आयोजन से 8 दिन पूर्व किया जायेगा। जिसका मॉड्युल एसआईईआरटी द्वारा सभी डाइटों को प्रेषित किया जायेगा। प्रशिक्षण की विस्तृत रिपोर्ट एसआईईआरटी और DMU को प्रेषित की जायेगी।
6. **सैम्पल स्कूलों में NAS में भाग लेने वाले बच्चों के आधार कार्ड व नम्बर होना अनिवार्य है। अतः कैम्प लगाकर आधार कार्ड बनवाये जाऐं।**
7. **जिला स्तर पर District Monitoring Unit का गठन शासन सचिव महोदय द्वारा** निम्नानुसार किया गया है, DMU जिले में **NAS की, मॉनिटरिंग, आयोजन, डाटा फिडिंग, सुपरविजन इत्यादि कार्यो के लिये** उत्तरदायी होगी –

| क्र. | पद | |
|---|---|---|
| 1. | जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा | संयोजक |
| 2. | जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा | सदस्य |
| 3. | अति. जिला परियोजना समन्व्यक रमसा | सदस्य |
| 4. | अति. जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान | सदस्य सचिव |
| 5. | अति. जिला शिक्षा अधिकारी प्रा.शि. | सदस्य |
| 6. | सहायक अभियंता सर्व शिक्षा अभियान जिला कार्यालय | सदस्य |
| 7. | शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी प्रा.शि. | सदस्य |
| 8. | सहायक लेखाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान | सदस्य |
| 9. | सहायक परियोजना समन्वयक (शोध) सर्व शिक्षा अभियान | सदस्य |
| 10. | सहायक परियोजना समन्वयक (शाला दर्शन) सर्व शिक्षा अभियान | सदस्य |

8. **NAS डाटा अपलोडिंग का कार्य** (डाइट के स्तर पर) पूर्व निर्धारित गोपनीय कक्ष में किया जायेगा। जिसका प्रभारी **एसएसए का District MIS होगा।** डाइट प्राचार्य एवं MIS का प्रशिक्षण 15, 16 सितम्बर 2017 को एनसीईआरटी द्वारा कराया गया है। जिसमें राजस्थान से सभी 33 जिलों से District MIS एवं डाइट प्राचार्य अथवा वरिष्ठ व्याख्याता उपस्थित हुये हैं।
9. FI को दी जाने वाली सामग्री का मुद्रण एसआईईआरटी द्वारा करवाया जाना है। अतः जिले के लिये विद्यालयवार टैस्ट सामग्री प्राप्त करने हेतु एसआईईआरटी द्वारा सभी डाइटों को सूचित किया जायेगा। निर्धारित दिनांक को **डाइट प्राचार्य अपनी उपस्थिति में सामग्री सील्ड पैक कराकर प्राप्त करते हुये गोपनियता का प्रमाण पत्र एसआईईआरटी को प्रस्तुत करेंगे।**
10. इसी प्रकार डाइट द्वारा चयनित सैम्पल स्कूलों को यह सामग्री दिनांक निर्धारित कर दी जायेगी। चयनित सैम्पल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों द्वारा निर्धारित दिनांक को टैस्ट सामग्री प्राप्त की जायेगी तथा गोपनियता का प्रमाण पत्र डाइट को प्रस्तुत किया जायेगा।

www.rajteachers.com

11. NAS के संदर्भ में डाइट पर होने वाले प्रशिक्षणों, टैस्ट आयोजन, एफआई का मानदेय टीए/डीए इत्यादि के संबंध में एसआईईटारटी द्वारा डाइट को बजट एवं दिशा निर्देश प्रेषित किये जायेंगे।
12. टैस्ट आयोजन वाले दिन **13 नवम्बर 2017 को प्रत्येक ब्लॉक में राज्य सरकार द्वारा एक ऑब्जर्वर नियुक्त किया जायेगा**, जो सैम्पल विद्यालयों का निरीक्षण कर मॉनिटरिंग करेंगे और राज्य स्तर पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।
13. **टैस्ट आयोजन 13 नवम्बर 2017 को होगा उससे पूर्व एफआई द्वारा एक दिन विद्यालय में जाकर आधारकार्ड एवं अन्य सूचनायें एकत्रित करनी होगी।** 13 नवम्बर से पूर्व किस दिन जाना है यह एफआई को प्रशिक्षण में सूचित किया जायेगा।
14. **निर्धारित दिनांक 13 नवम्बर को टैस्ट आयोजन की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात एफआई द्वारा यूज्ड और एनयूज्ड सामग्री लिफाफों में पैक कर उसी दिन डाइट में जमा करानी है।**
15. **डाइट द्वारा सामग्री को गिनकर गाइड लाइन के अनुसार चैक कर प्राप्त किया जायेगा।** तत्पश्चात ओएमआर स्कैनिंग और डाटा अपलोडिंग का कार्य होगा।
16. डाइट के निर्धारित गोपनिय कक्ष में 13 नवम्बर 2017 को एपीसी शोध (एसएसए), डाइट का व्याख्याता शोध एवं जिला एमआईएस व जिला समन्वयक (डाइट प्राचार्य) एफआई से सामग्री प्राप्त करने का कार्य करेंगे।
17. **जिला स्तर पर सैम्पल स्कूलों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्यों, सम्बन्धित पीईईओ एवं समस्त बीईईओ की बैठक जिशिअ माशि एवं जिशिअ प्राशि द्वारा सम्मिलित रूप से की जावें। जिसमें NAS के आयोजन और शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि के विषय में विस्तार से चर्चा की जायें।**
18. **गाइड लाइन एवं NAS के संदर्भ में अब तक भेजे गये पत्र और सर्कूलरों को ध्यान से पढ़ें District Monitoring Unit (DMU) की मीटिंग करके अब तक हुये कार्य की समीक्षा कर लें एवं आगामी योजना बनावें। इस पत्र के साथ NAS 2017 की Operational Guidelines भी भेजी जा रही है।**
19. **आप सभी विद्यालयों के अध्यापकों, प्रधानाध्यापकों, प्रधानाचार्यों व पीईईओ निर्देशित करावें कि एनसीईआरटी द्वारा निर्धारित लर्निंग आउटकम को ध्यान में रखते हुये कक्षा 3, 5 व 8 के विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जायें।**
20. **शैक्षणिक दृष्टि से कमजोर विद्यार्थियों को विशेष शिक्षण करवाया जावे।**
21. **आगामी माह में दशहरा व दिवाली अवकाश भी है अतः बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देवें तथा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करावें।**

NAS का यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के निर्देशानुसार अति महत्वपूर्ण है। डाइट प्राचार्य को इस कार्य हेतु जिला समन्वयक नामित किया गया है। अतः **डाइट प्राचार्य के निर्देशन में कार्य करते हुये आप सभी अधिकारी पूर्ण सहयोग व समन्वय के साथ कार्य करते हुये** NAS का सफल आयोजन करावेंगे। NAS में किसी स्तर पर किसी भी प्रकार की दायित्वहीनता व लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

संलग्न : NAS Operational Guidelines

(आनंदी)
राज्य परियोजना निदेशक
राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान

(डॉ. जोगा राम)
आयुक्त
राजथान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

क्रमांकः राप्राशिप/जय/शोध/NAS/2017/ 7140 दिनांक : 22/9/17

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, शासन सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रमसा, जयपुर।
4. निदेशक प्रा.शि. राजस्थान बीकानेर।
5. निदेशक मा.शि. राजस्थान बीकानेर।
6. निदेशक एसआईईआरटी, उदयपुर।
7. अति. आयुक्त राप्राशिप, जयपुर।
8. अति राज्य परियोजना निदेशक, रमसा, जयपुर।
9. उपायुक्त शोध/NAS रमसा, जयपुर।
10. शोध प्रभारी, एसआईईआरटी, उदयपुर।
11. समस्त जिला प्रभारी राप्राशिप एवं रमसा, जयपुर।
12. रक्षित पत्रावली।

उपायुक्त (शोध/NAS)

www.rajteachers.com